# एकात्म धाम सांस्कृतिक चेतना का केंद्र

## डॉ. यादव ने ओंकारेश्वर में पंचायतन मंदिर शिलान्यास समारोह को किया संबोधित



**नवभारत न्यूज़**

**ओंकारेश्वर/खंडवा, 27 अगस्त. एकात्म धाम सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि हमारी सनातन ज्ञान परंपरा, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक एकात्मता का केंद्र बनेगा.**

जगद्गुरु आदि शंकराचार्य ने विभिन्न उपासना पद्धतियों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए पंचायतन पूजन की परंपरा को पुनः प्रतिष्ठित किया. पंचायतन मंदिर इसी महान परंपरा को आगे बढ़ाने का माध्यम है. ये बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को ओंकारेश्वर में एकात्म धाम में भव्य पंचायतन मंदिर के शिलान्यास समारोह में कहीं.

सीएम डॉ. यादव ने आगे कहा कि मांधाता पर्वत पर विकसित हो रहा एकात्म धाम आने वाले समय में अत्यंत अलौकिक और दिव्य दृश्य प्रस्तुत करेगा। रक्षाबंधन के अवसर पर यह शुभ कार्य हो रहा है. उन्होंने 45 पवित्र शिलाओं का पूजन कर मंदिर निर्माण का शुभारंभ किया. उन्होंने कहा कि सिंहस्थ-2028 के पूर्व भव्य एकात्म यात्रा निकाली जाएगी, जिसका समापन सिंहस्थ के दौरान होगा.

### पंचायतन मंदिर में पंचदेवों की उपासना

प्राचीन पंचायतन शैली पर आधारित मंदिर के केंद्र में भगवान शिव का मुख्य देवालय होगा. चारों कोनों पर भगवान विष्णु, भगवान सूर्य, भगवान गणेश और भगवती शक्ति के उप-देवालय होंगे. मुख्य देवालय का शिखर सोमतिलक शैली में होगा और गर्भगृह सर्वतोभद्र शैली में निर्मित किया जाएगा। मंदिर में चारों दिशाओं से प्रवेश की व्यवस्था होगी. श्री वेंकटेश्वर वेद विज्ञान पीठम् धर्मगिरि, आंध्रप्रदेश के प्राचार्य केएसएस अवधानी, दक्षिणाम्नाय श्री शारदा पीठम् कर्नाटक और श्रीश्री गुरुकुल के आचार्यों द्वारा वैदिक अनुष्ठान करवाया गया.

# कॉलेजों की दुर्दशा पर अभाविप का प्रदर्शन

## मंत्री के नाम विभिन्न जिलों में कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 27 अगस्त. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आह्वान पर गुरुवार को उसके कार्यकर्ताओं ने 'विद्यार्थी हुंकार अभियान' के अंतर्गत प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किया गया.**

विभिन्न जिलों में अभाविप के कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों ने प्रदर्शन कर जिला कलेक्टरों के माध्यम से उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे और शासकीय महाविद्यालयों में व्याप्त समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की. इसी क्रम में भोपाल में भी सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थियों ने मार्च निकालकर कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा.

मध्यभारत प्रान्त मंत्री केतन चतुर्वेदी ने कहा कि अत्यंत



चिंताजनक विषय है कि मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थित कई शासकीय महाविद्यालय इस समय मूलभूत सुविधाओं के अभाव और जर्जर अधोसंरचना से जूझ रहे हैं. अधिकांश महाविद्यालयों की विवेकानंद करियर गाइडेंस सेल ठप पड़ी हुई हैं. कैंटीन बंद हैं और पुस्तकालय पठन सामग्री के अभाव में हैं. प्रदेश भर के कई महाविद्यालयों में कंप्यूटर एवं विज्ञान प्रयोगशालाओं पर्याप्त संसाधनों एवं उपकरणों की कमी के कारण उनकी स्थिति दयनीय है. अतः सरकार हमारी मांगों को स्वीकार करते हुए त्वरित निराकरण करे, ताकि सुदृढ़ शैक्षणिक एवं इंस्टीट्यूशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर के कारण प्रदेश का छात्र समुदाय बेहतर शैक्षणिक वातावरण में अध्ययन कर सके.

# सीएम कल बालाघाट में जन विश्वास अभियान में होंगे शामिल

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 27 अगस्त. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 29 अगस्त शनिवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में बालाघाट जिले में शामिल होंगे. शुक्रवार को रक्षाबंधन का अवकाश होने के कारण इस बार 29 अगस्त शनिवार को संपूर्ण प्रदेश में जनविश्वास अभियान आयोजित होगा.**

सामान्य प्रशासन विभाग ने विभागाध्यक्ष के अलावा कलेक्टर्स और कमिश्नर सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को इस संबंध में निर्देश जारी किए है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव बालाघाट में जिला स्तरीय समाधान ऑनलाइन में चिन्हित शिकायतकर्ताओं की शिकायतें समक्ष में सुनी जाएंगी. इस दौरान बैठक और समीक्षा के साथ मीडिया संवाद तथा उद्योग संवाद भी होगा. प्रदेश के सभी जिलों में भी जन विश्वास



### रक्षाबंधन के कारण अभियान एक दिन बढ़ा

अभियान 29 अगस्त को आयोजित किया जाएगा.

जनविश्वास अभियान के दौरान विभिन्न शासकीय आवासीय संस्थाएं, उदाहरणार्थ आवासीय विद्यालय, आश्रम, छात्रावास आदि का भ्रमण तथा निरीक्षण अनिवार्यतः किया जाएगा. इन संस्थाओं में रहने वाले छात्र छात्राओं और युवाओं से संवाद के साथ ही महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा भी की जाएगी.

## राज्य स्तरीय टास्क फोर्स का गठन

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल.** राज्य शासन द्वारा राष्ट्रीय हरित अधिकरण के प्रकरण में पारित आदेश के अनुपालन में राज्य स्तरीय टास्क फोर्स समिति का गठन किया है. सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार समिति में भार-साधक सचिव पर्यावरण को अध्यक्ष/ समन्वयक बनाया गया है. सचिव, नगरीय विकास एवं आवास, परिवहन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, ऊर्जा, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा और क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल सदस्य होंगे. राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पारित आदेश 10 अप्रैल 2026 के अनुपालन में समिति की प्रथम बैठक तीन माह के अंदर आयोजित की जायेगी तथा इसके बाद समिति त्रैमासिक बैठकों के माध्यम से निगरानी करेगी.

# शाह को मंत्री पद से हटाने की मांग

## पूर्व सैनिकों के संगठन ने मंत्री शाह के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 27 अगस्त. मध्यप्रदेश कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ प्रदेश के मंत्री विजय शाह की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.**

पूर्व सैनिक विभाग के पूर्व अध्यक्ष मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त) ने पत्रकारों को बताया कि कथित टिप्पणी एक उन सेवारत महिला सैन्य अधिकारी का अपमान है, जिन्होंने सैन्य अभियान के दौरान देश को महत्वपूर्ण जानकारी गरिमा और जिम्मेदारी के साथ साझा की थी. उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 नागरिकों की मौत के बाद भारतीय सेना ने 7 मई की रात 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाकर पाकिस्तान और पाक अधिकृत क्षेत्र में स्थित नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था. इस दौरान कर्नल कुरैशी ने संयम और स्पष्टता के साथ देश के सामने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की थी.



### कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

श्रीवास्तव ने कहा कि 13 मई को महू (मानपुर) में एक सार्वजनिक सभा में विजय शाह द्वारा सैन्य अधिकारी को कथित तौर पर 'आतंकवादियों की बहन' कहे जाने की टिप्पणी अत्यंत निंदनीय है. उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने भी जांच और आवश्यक कार्रवाई के संबंध में निर्देश जारी किए. उन्होंने विजय शाह को पद से हटाने तथा निष्पक्ष एवं कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि सरकार ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो पूर्व सैनिक शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन करेंगे.



# बारिश का जोर बुंदेलखंड विंध्य क्षेत्र में, मंडराया खतरा

### छतरपुर - टीकमगढ़ समेत तीन जिलों में वर्षा का अलर्ट

**नवभारत न्यूज**

**भोपाल, 27 अगस्त. मध्यप्रदेश में बारिश का मुख्य क्षेत्र पश्चिम और उत्तर-पश्चिमी हिस्से से खिसककर अब बुंदेलखंड और विंध्य की ओर बढ़ रहा है. गुरुवार को उत्तर मध्यप्रदेश में तेज बारिश कराने वाला कम दबाव का क्षेत्र दक्षिण-पूर्व उत्तरप्रदेश के आसपास बना रहा.**

मानसून ट्रफ भी प्रदेश के उत्तरी हिस्से से गुजर रही है. इसके असर से छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में अति भारी बारिश होने की आशंका है. इन जिलों में कहीं-कहीं 115 से 204 मिमी तक पानी गिर सकता है. 1 जून से अब तक मध्यप्रदेश में 674.6 मिमी यानि 26.55 इंच बारिश दर्ज की गयी है, जो की सामान्य मांप 742.3 मिमी यानि 29.22 इंच से 9 प्रतिशत कम है. बीते 24 घंटों में अत्यधिक बारिश निवाड़ी जिले में दर्ज की गई. आगर मालवा, दतिया और आसपास के जिलों में अति भारी बारिश का दौर रहा.

मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में राजगढ़, बैतूल, आगर, गुना, शिवपुरी, दतिया, भिंड, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, शहडोल, छिंदवाड़ा, मंडला, पन्ना, दमोह और मैहर में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. बारिश के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है. पन्ना, छतरपुर, सतना और रीवा में अचानक बाढ़ का खतरा भी जताया गया है. निचले इलाकों और पहले से पानी भरी जमीन पर जलभराव बढ़ सकता है. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना चक्रवाती घेरा पश्चिम बंगाल और ओडिशा की ओर बढ़ रहा है. इसके प्रभाव से शनिवार के आसपास नया कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है. इससे अगले कुछ दिनों तक पूर्वी और मध्य प्रदेश में बारिश का दौर बना रह सकता है, पश्चिमी जिलों में इसकी तेजी धीरे-धीरे घटेगी.

टीकमगढ़, शाजापुर, राजगढ़, भिंड, शिवपुरी, श्योपुर के आस पास के जिलों में भारी वर्षा दर्ज हुई. ओरछा में 205 मिमी से अधिक बारिश दर्ज हुई. नलखेड़ा में 165 मिमी, सुसनेर में 132 मिमी, सेवढ़ा और पृथ्वीपुर में 130-130 मिमी, आगर में 110 मिमी, इंदरगढ़ में 110 मिमी और मोमन बड़ोदिया में 105 मिमी बारिश दर्ज की गई.

## एक नजर में

### ट्रक से कुचलकर युवती की मौत

**जैतहरी.** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवती की मौत हो गई. पुलिस ने गुरुवार को युवक से पूछताछ के बाद घटना के कारणों का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि युवती के सिर पर ट्रक का पहिया चढ़ने से उसकी मौत हुई थी. यह घटना जैतहरी थाना से लगभग 7 किलोमीटर दूर धनगवां गांव के पास शाम करीब 6 बजे हुई. बताया गया है कि युवती एक व्यक्ति के साथ बाइक पर जा रही थी, लेकिन अचानक गिर गई और ट्रक की चपेट में आ गई.

### बांध में डूबने से मासूम बच्चे की मौत

**सिंगरौली.** चितरंगी थाना क्षेत्र के ग्राम सुदा में आज गुरूवार की दोपहर करीब 1 बजे घर के समीप बांध के गहरे पानी में डूबने से एक 4 साल बच्ची की मौत हो गई. पुलिस के अनुसार सुदा निवासी सत्ते अगरिया की 4 वर्षीय बेटी सीताकली घर के समीप बांध में नहाने गई थी, जहां वह गहरे पानी में डूब गई. जब तक उसे पानी से बाहर निकालते, तक तक उसकी पानी में ही मौत हो चुकी थी. घटना की सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है.

### कीटनाशक से इंफेक्शन फैलने से वृद्ध की मौत

**छिंदवाड़ा.** एक किसान पर कीटनाशक दवा से शरीर में इनफेक्शन के बाद गुरूवार की दोपहर दम तोड़ दिया. जिसके बाद परिवार में मातम पसर गया. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है. जानकारी अनुसार कोलहू पिता मौजीलाल धुर्वे 70 साल मोहखेड़ के ताराटोला का रहने वाला है. पुलिस के मुताबिक दो दिन पूर्व खेत में उसके बेटे ने किसी बात को लेकर गुस्से में आकर कीटनाषक दवा उसके शरीर पर डाल दी थी. दिन भर कामकाज करने के बाद वह अपने घर लौट गया. दूसरे दिन भी उसने बकायदा काम किया.

# यार्ड रीमॉडलिंग के कारण ट्रेन रूट प्रभावित

### ट्रेनों के परिवर्तित मार्ग में आंशिक संशोधन

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 27 अगस्त. बीना स्टेशन यार्ड में उत्तर मध्य रेलवे द्वारा आगासौद-बीना के मध्य तीसरी रेल लाइन को बीना स्टेशन से जोड़ने के लिए यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य किया जा रहा है.**

इस कार्य के अंतर्गत प्री-नॉन इंटरलॉकिंग, नॉन इंटरलॉकिंग आदि कार्य निर्धारित हैं. कार्य के दौरान ट्रेनों के सुरक्षित एवं सुचारु



परिचालन को ध्यान में रखते हुए पूर्व में जारी अधिसूचना में आंशिक संशोधन किया गया है. संशोधित आदेश के अनुसार पूर्व में जारी अधिसूचना में कुछ ट्रेनों के परिवर्तित मार्ग में आंशिक संशोधन किया गया है।

### ट्रेनों का परिवर्तित मार्ग

1. गाड़ी संख्या 15045 गोरखपुर-ओखा एक्सप्रेस 24 सितंबर से 15 अक्टूबर तक कुल 4 फेरे परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी। ट्रेन इस अवधि में ग्वालियर-शिवपुरी-गुना परिवर्तित मार्ग से संचालित की जाएगी.
2. गाड़ी संख्या 15046 ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस 20 सितंबर से 11 अक्टूबर तक कुल 4 फेरे परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी। ट्रेन इस अवधि में गुना-शिवपुरी-ग्वालियर परिवर्तित मार्ग से संचालित की जाएगी.
3. गाड़ी संख्या 19053 सूरत-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस दिनांक 18 सितंबर से 09 अक्टूबर 2026 तक कुल 04 फेरे परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी। यह ट्रेन इस अवधि में ग्वालियर-शिवपुरी-गुना परिवर्तित मार्ग से संचालित की जाएगी.
4. गाड़ी संख्या 19054 मुजफ्फरपुर-सूरत एक्सप्रेस 20 सितंबर से 11 अक्टूबर तक कुल 4 फेरे परिवर्तित मार्ग से संचालित होगी। ट्रेन इस अवधि में ग्वालियर-शिवपुरी-गुना परिवर्तित मार्ग से संचालित की जाएगी.

## दो हाथियों ने 5 किसानों की फसलें कीं चौपट

**अनूपपुर.** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में छत्तीसगढ़ की वन सीमा पार कर दो हाथी अनूपपुर वन मंडल में प्रवेश किया. दोनों हाथी गुरुवार को जैतहरी से अनूपपुर वनपरिक्षेत्र की ओर बढ़ते हुए केकरपानी स्थित पीएफ 359 चौकी के पीछे जंगल में डेरा डाले हुए हैं. हाथियों के विचरण से ग्राम बांका और केकरपानी क्षेत्र में किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है. वन विभाग ने आसपास के कई गांवों में अलर्ट जारी कर निगरानी बढ़ा दी है. वन विभाग के अनुसार, गुरुवार सुबह हाथियों की स्थिति सामान्य थी.

# शिक्षकों की भर्ती जल्द पूरी करने की दिग्विजय सिंह की मांग

### अगस्त से रिक्त पद बढ़ाने की मांग

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 27 अगस्त . पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मध्यप्रदेश शिक्षक भर्ती परीक्षा-2025 के तहत वर्ग-2 एवं वर्ग-3 में पदों की संख्या बढ़ाकर 50 हजार करते हुए भर्ती प्रक्रिया जल्द पूरी करने की मांग की है.**

उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर वर्ग-2 में 14,200 और वर्ग-3 में



11,911 अतिरिक्त पद बढ़ाने की मांग की है. इससे दोनों वर्गों में 25-25 हजार पदों पर भर्ती का रास्ता साफ होगा. दिग्विजय सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि शिक्षक दिवस, 5 सितंबर तक सरकार ने मांग पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो वे अभ्यर्थियों के समर्थन में उसी दिन से 24 घंटे का उपवास करेंगे.

## डायल-112 टीम ने कुएं में गिरे व्यक्ति को सुरक्षित निकाला

**भोपाल.** सीहोर जिले के रेहटी थाना क्षेत्र में डायल-112 पुलिसकर्मियों की तत्परता और संवेदनशील कार्रवाई से कुएं में गिरे 40 वर्षीय व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया.घटना पांगरा के पास हुई. भोपाल स्थित राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति कुएं में गिर गया है और उसे तत्काल मदद की आवश्यकता है. सूचना मिलते ही क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मौके के लिए रवाना किया गया.

# दो साल से नियमों में उलझा नया जेल कानून

- अब तक नियमों की मंजूरी का इंतजार
- खुली जेल और पुनर्वास जैसी व्यवस्थाएं अटकीं

**नीलेन्द्र पटेल**

**भोपाल. प्रदेश में जेल व्यवस्था को आधुनिक और सुधारात्मक बनाने के उद्देश्य से पारित मध्य प्रदेश सुधारात्मक सेवाएं एवं बंदीगृह अधिनियम, 2024 अभी तक लागू नहीं हो सका है.**

विधानसभा ने जुलाई 2024 में कानून पारित किया था और राज्यपाल की मंजूरी 6 अगस्त



2024 को मिल गई थी. हालांकि, इसके क्रियान्वयन के लिए जरूरी नियम अब तक अंतिम रूप लेकर अधिसूचित नहीं हुए हैं. जेल एवं सुधारात्मक सेवाओं के महानिदेशक वरुण कपूर के अनुसार, नियमों का मसौदा तैयार कर जेल विभाग को भेजा गया है. अब इसे राज्य सरकार के स्तर पर विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजरना होगा. पहले जेल विभाग से मंजूरी, फिर विधि विभाग की जांच और वरिष्ठ सचिव समिति की प्रक्रिया पूरी होगी. इसके बाद नियम मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए भेजे जाएंगे. स्वीकृति मिलने के बाद राजपत्र में अधिसूचना जारी होने पर ही कानून प्रभावी हो सकेगा. नया कानून अंग्रेजी शासनकाल के कारागार अधिनियम, 1894, बंदी अधिनियम, 1900 और बंदियों के स्थानांतरण अधिनियम, 1950 की जगह लेगा. इसका मुख्य उद्देश्य जेलों को केवल सजा भुगतने की जगह सुधार और पुनर्वास केंद्र के रूप में विकसित करना है.

### यह बदलाव अटके

कानून में वीडियो कांफ्रेसिंग से अदालत में पेशी, परिवार से वीडियो माध्यम से मुलाकात, दूरस्थ चिकित्सा सुविधा और मोबाइल निष्क्रिय करने जैसी आधुनिक व्यवस्थाओं का प्रावधान है. ट्रांसजेंडर बंदियों के लिए विशेष प्रावधान, खुली जेलों को बढ़ावा, अच्छे आचरण पर पैरोल जैसी सुविधाएं और निशुल्क कानूनी सहायता भी इसमें शामिल हैं. लेकिन नियमों की मंजूरी और अधिसूचना के अभाव में सुधारात्मक व्यवस्था लागू होने का इंतजार है.

संवाद | खेल सुविधाओं और नशामुक्त भारत पर रखे सुझाव

# अनुशासन से व्यक्तित्व विकास संभव : शिवराज

**भोपाल, 27 अगस्त. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली के माता सुंदरी कॉलेज फॉर वुमन में माय भारत के सहयोग से आयोजित 'खेलो इंडिया संवाद-खेल की बात पीएम मोदी के साथ' कार्यक्रम में छात्राओं से अपने परिचित अंदाज में संवाद किया.**

चौहान ने युवाओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



'विकसित भारत' के विजन में सक्रिय भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि खेल पढ़ाई जितने ही महत्वपूर्ण हैं. खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, सहनशीलता और व्यक्तित्व का विकास होता है. उन्होंने छात्राओं के सुझावों को ध्यान से सुनते हुए व्यवहारिक सुझावों को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया.

छात्राओं ने खेलो इंडिया केंद्रों और सरकारी खेल अकादमियों में नियमित मानसिक स्वास्थ्य एवं खेल मनोविज्ञान मॉड्यूल शुरू करने का सुझाव दिया. इसमें तनाव प्रबंधन, ध्यान, प्रेरणा, प्रदर्शन के दबाव और असफलता से निपटने पर प्रशिक्षण की बात कही गई. ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में बेहतर खेल सुविधाएं, सस्ते उपकरण, प्रशिक्षित कोच, करियर मार्गदर्शन और समान अवसर उपलब्ध कराने की मांग भी उठी. आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं के लिए अनुदान, उपकरण किराये पर उपलब्ध कराने और स्थानीय प्रशिक्षण केंद्र खोलने के सुझाव दिए गए. कार्यक्रम में शिवराज सिंह ने छात्राओं को नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई.

# ठग गिरोह का पर्दाफाश

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 27 अगस्त. राजगढ़ पुलिस ने 'ऑपरेशन मनी ट्रैप' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए लोगों को रकम दोगुनी करने का झांसा देकर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है।**

पुलिस ने मामले में 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है.उनके कब्जे से करीब 1.73 करोड़ रुपये नकद, चार कारें और 19 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं. जब्त संपत्ति की कुल कीमत 2.92 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है. मामला 24 जुलाई को



ब्यावरा निवासी की शिकायत के बाद सामने आया। आरोपियों ने खुद को एक बड़ी कंपनी से जुड़ा बताकर उससे दो करोड़ रुपये निवेश के नाम पर लिए थे. भोपाल में नकदी लेने के बाद आरोपियों ने चार करोड़ रुपये के आरटीजीएस भुगतान का फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर उसे विश्वास दिलाया कि रकम दोगुनी कर वापस भेज दी गई है.